कैम्प लगाकर पथ विक्रेताओं को किया गया ऋण वितरण, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में डूडा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत संकल्प से सिद्वि के तहत पथ विक्रेताओं को आज कवि तिराहे पर बने एमटीएस हाल में विषेश कैम्प लगाकर ऋण वितरण किया गया।

इस दौरान नगर आयुक्त ने कैम्प में किये जा रहें कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत संकल्प से सिद्वि के तहत शासन द्वारा निर्गत लक्ष्य के सापेक्ष अब तक प्राप्त आनलाइन आवेदनों की संख्या, अब तक स्वीकृत किये गये ऋण, पथ विक्रेताओं को अब तक किये गये ऋण वितरण व कोविड-19 के संक्रमण से पथ विक्रेताओं को बचाये जाने के लिये किये जा रहे कोविड-19 टीकाकरण के बारे में जानकारी की गई। जिसमें डूडा के परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संकल्प से सिद्वि के तहत 01 जुलाई से 15 अगस्त तक 756 पथ विक्रेताओं का ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष 01 जुलाई से आज तक 852 आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 716 पथ विक्रेताओं के खातों में ऋण स्वीकृति की धनराषि ट्रान्सफर की जा चुकी है। आज 110 आनलाइन आवेदन प्राप्त हुये और बैकों के माध्यम से 12 पथ विक्रेताओं को स्वीकृति ऋण-पत्र प्रदान किये गये एवं 12 पथ विक्रेताओं के खातों में राशि ट्रान्सफर की गई। संबन्धित द्वारा बताया गया कि कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत आज 50 पथ विक्रेताओं का टीकाकरण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचायें जाने के संबन्धित को निर्देशित किया।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर में रहने वाले गरीब, बेसहारा व पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संकल्प से सिद्वि के तहत पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज डूडा द्वारा कवि तिराहे पर बने एमटीएस हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।